उत्तराखण्ड भूसम्पदा नियामक प्राधिकरण
(Uttarakhand Real Estate Regulatory Authority)

5th फ्लोर, राजीव गाँधी बहुउद्‌देश्यीय कॉम्पलैक्स, डिस्पेन्सरी रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड
दूरभाष संख्याः– 0135–2710348
ईमेलः– ukrera2017@gmail.com

नियुक्ति / विज्ञापन

विज्ञापन सं0– 679/रेरा–44/2019

दिनांक 13 दिसम्बर, 2021

उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण, में 'सहायक लेखाकार के एक (01) पद पर 'प्रतिनियुक्ति' के आधार पर नियुक्ति हेतु उत्तराखण्ड राज्य के समस्त शासकीय विभागों/निगमों/प्राधिकरणों में कार्यरत अर्ह/पात्र सहायक लेखाकारों से उनके नियुक्ति अधिकारी के माध्यम से पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से उत्तराखण्ड राज्य भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण, देहरादून के कार्यालय में दिनांक 30.12.2021 तक निर्धारित प्रपत्र में निम्नानुसार आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

1– पद का विवरण :–

क्र0सं0	पद का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या	योग्यता	अभियुक्ति
01	सहायक लेखाकार	5200–20200+2800	01	मौलिक रूप से सहायक लेखाकार पद पर नियुक्त व्यक्ति।	प्रतिनियुक्ति

2– प्रतिनियुक्ति अवधि :–

प्रतिनियुक्ति पर यथा प्रक्रिया 03 वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति की जाएगी, जो अधिकतम दो वर्ष हेतु बढ़ाई जा सकेगी।

3–प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया :–

(1) उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण आरक्षण के विद्यमान नियमों को दृष्टिगत् रखते हुए प्रतिनियुक्ति के माध्यम से समस्त शासकीय विभागों, निगमों एवं प्राधिकरणों में कार्यरत अर्ह/पात्र, कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर साक्षात्कार द्वारा चयन की कार्यवाही सम्पादित करेगा।

(2) सम्यक् रूप से पूर्ण प्राप्त आवेदन पत्रों को ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा।

(3) आवेदन पत्र में यह स्वप्रमाणित कथन दिया जाना अनिवार्य होगा कि आवेदक के विरुद्ध पूर्व में न तो कोई दण्डादेश पारित हुआ है और न कोई अनुशासनात्मक अथवा सतर्कता कार्यवाही लम्बित है।

(4) नियोक्ता अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं दण्डित न होने और कोई अनुशासनिक एवं सतर्कता कार्यवाही लम्बित नहीं होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त ही नियुक्ति की जाएगी।

(5) नियुक्ति से पूर्व चयनित अभ्यर्थी के सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति, संतोषजनक सेवा का तथा सतर्कता/अनुशासनिक कार्यवाही लम्बित नहीं होने एवं दण्डित नहीं हुए होने का प्रमाण–पत्र भी प्राप्त किया जाएगा।

(6) चयनित अभ्यर्थी को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति का आदेश निर्गत होने की तिथि से अधिकतम 15 दिन के भीतर कार्यभार ग्रहण करना होगा।

(7) चयनित अभ्यर्थियों को उपरिवर्णित वेतनमान के अनुसार शासकीय कार्मिकों के समान वेतन एवं भत्ते अनुमान्य होंगे परन्तु उनका वेतन अपने पैतृक विभाग में मौलिक पद पर प्राप्त वेतन से कम नहीं होगा।

(प्रकाश चन्द्र दुम्का)
सचिव

13/12/2021

उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण, में 'सहायक लेखाकार के एक (01) पद पर 'प्रतिनियुक्ति' के आधार पर नियुक्ति हेतु उत्तराखण्ड राज्य के समस्त शासकीय विभागों से अर्ह / पात्र कर्मचारियों हेतु आवेदन–पत्र।

1– आवेदक का पूरा नाम–..

2– पिता का नाम–..

3– जन्म तिथि–..

4 जाति–..

5– कार्यालय का नाम (जहां वर्तमान में कार्यरत् हैं)–..

6– सम्बन्धित विभाग में पद पर नियुक्ति की तिथि–..

7– सम्बन्धित विभाग में सम्बन्धित पद पर कार्य करने की अवधि (वर्ष / माह)– ....

(दिनांक ....से................................तक)

8– सम्बन्धित विभाग में सम्बन्धित पद का वेतनमान एवं उनका मूलवेतन–..

9– पत्र व्यवहार का पता / स्थायी पता / मो0 नं0 / ईमेल आई0डी–..

....

10– शैक्षणिक योग्यताएं :–

क्र0 सं0	योग्यता	वर्ष	विषय	श्रेणी	संस्था / वि0वि0का नाम
1.	हाईस्कूल				
2.	इंटरमीडिएट				
3.	स्नातक				
2.	स्नातकोत्तर				
4.	प्राविधिक योग्यता / लेखा सम्बन्धी योग्यता				
4	कम्प्यूटर एवं इंटरनेट सम्बन्धी ज्ञान / योग्यता				
5.	अन्य योग्यता				

11– अन्य विवरण–

12– संलग्नकों की संख्या एवं विवरण–

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

सक्षम अधिकारी / नियोक्ता की संस्तुति।